# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाषः 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), फैक्स– 0771–2262818, 2262607


क्रमांक 8204/अका./का.प/2019 रायपुर, दिनांक 26/02/2019

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की चौंवालिसवीं बैठक शनिवार, दिनांक 23.02.2019 को अपरान्ह 03:00 बजे कुलपति सचिवालय के बैठक–कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः

**प्रो. केशरी लाल वर्मा, कुलपति – अध्यक्ष**

1. डॉ. बशीर हसन – सदस्य
2. डॉ. (श्रीमती) वासु वर्मा – सदस्य
3. डॉ. (श्रीमती) स्वर्णलता सराफ – सदस्य
4. डॉ. संजय कुमार – सदस्य
5. डॉ. एच.के. पाठक – सदस्य
6. डॉ. श्रीकांत कमलाकांत पांडेय – सदस्य
7. डॉ. सोम कुमार चटर्जी – सदस्य
8. डॉ. चन्द्रशेखर चौबे – सदस्य
9. डॉ. नरेन्द्र पटनायक – सदस्य
10. श्री एस.के. चक्रवर्ती – सदस्य

**डॉ. गिरीशकांत पाण्डेय, कुलसचिव – सचिव**

**कार्यवृत्त :**

1. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 16.01.2019 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णय : **सम्पुष्टि की गई।**

2. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 16.01.2019 के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : **सूचना ग्रहण की गई।**

3. विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 12.02.2019 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करना।

निर्णय : **अनुमोदन किया गया।**

**गोपनीय विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

4. माडरेशन हेतु उपस्थित विषय–विशेषज्ञों के पारिश्रमिक में वृद्धि के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **माडरेशन हेतु उपस्थित विषय–विशेषज्ञों के पारिश्रमिक, सत्र 2018–19 से निम्नलिखित प्रस्तावित दर का अनुमोदन किया गया –**

| | पुराना दर | प्रस्तावित दर |
|---|---|---|
| (i) प्रश्न पत्र का पुराना पैटर्न | 100/– प्रति प्रश्नपत्र | 200/– प्रति प्रश्नपत्र |
| (ii) प्रश्न पत्र का नया पैटर्न | 100/– प्रति प्रश्नपत्र | 400/– प्रति प्रश्नपत्र |

5. वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा 2019 के लिये अनुचित साधन निर्णायक समिति के गठन पर विचार करना।

निर्णय : **वार्षिक एवं सेमेस्टर परीक्षा 2019 के लिये अनुचित साधन निर्णायक समिति के सदस्यों के नाम का अनुमोदन किया गया।**

**अकादमिक विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

6. विश्वविद्यालय की प्रस्तावित 24वाँ दीक्षांत–समारोह मार्च के प्रथम सप्ताह में आयोजन की सूचना ग्रहण करना एवं पूर्व दीक्षांत समारोह की वेशभूषा का अनुमोदन करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय की 24वाँ दीक्षांत–समारोह के लिये श्री गोपाल कृष्ण गाँधी ने 4 मार्च, 2019 में मुख्य अतिथि एवं दीक्षांत–भाषण के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। इसकी सूचना ग्रहण करते हुए 4 मार्च, 2019 को प्रातः 10.00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर में 24वाँ दीक्षांत–समारोह की आयोजन हेतु अनुशंसा की गई एवं इस आयोजन के अन्य समस्त निर्णय के लिए कुलपति जी को अधिकृत किया गया।**

**दीक्षांत समारोह में वेश–भूषा के लिये जारी अधिसूचना क्र. 1752/अका./2016 दिनांक 18.07.2016 को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। (अधिसूचना की प्रति संलग्न है।)**

7. विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर के लिये विभागाध्यक्ष शिक्षा की नियुक्ति के संबंध में समिति की अनुशंसा (बंद लिफाफा) पर विचार करना।

निर्णय : **विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर के लिये विभागाध्यक्ष शिक्षा के लिए डॉ. पद्मा बोहरे के नाम का अनुमोदन किया गया।**

8. संशोधित अध्यादेश क्रमांक 4 एवं विनियम 134 के अनुमोदन पर विचार करना।

निर्णय : **Draft Ordinance No. 4 एवं विनियम 134 का अनुमोदन करते हुए Draft Ordinance No. 4 को विश्वविद्यालय समन्वय समिति के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाए तथा अनुमोदन के पश्चात् विनियम 134 को प्रभावशील किया जाए।**

## अध्यक्ष के अनुमति से अन्य प्रकरण

01. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/अध्ययनशालाओं में कार्यरत दैनिक वेतन श्रमिकों का वित्तीय सत्र 2018–19 में पारिश्रमिक भुगतान हेतु होने वाले अतिरिक्त व्यय रु. 10 लाख (दस लाख रुपए) परीक्षा मद से Muster Roll/Dailywages fund में स्थानांतरण के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/अध्ययनशालाओं में कार्यरत दैनिक वेतन श्रमिकों का वित्तीय सत्र 2018–19 में पारिश्रमिक भुगतान हेतु होने वाले अतिरिक्त व्यय रु. 10 लाख (दस लाख रुपए) परीक्षा मद से Muster Roll/Dailywages fund में स्थानांतरण किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

02. वर्ष 2018–19 की विभिन्न सेमेस्टर परीक्षा (दिसंबर 2018/जनवरी 2019) एवं पूरक परीक्षाओं के गोपनीय मुद्रण की भुगतान 16,33,363 (सोलह लाख तैंतीस हजार तीन सौ तिरसठ रुपये) की स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **वर्ष 2018–19 की विभिन्न सेमेस्टर परीक्षा (दिसंबर 2018/जनवरी 2019) एवं पूरक परीक्षाओं के गोपनीय मुद्रण के भुगतान 16,33,363 (सोलह लाख तैंतीस हजार तीन सौ तिरसठ रुपये) की स्वीकृति दी गई।**

03. वर्ष 2018–19 की परीक्षाओं के गोपनीय मुद्रण कार्य हेतु मुद्रक से अनुबंध कराये जाने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **वर्ष 2018–19 की परीक्षाओं के गोपनीय मुद्रण कार्य हेतु मुद्रक से अनुबंध कराये जाने का अनुमोदन किया गया।**

04. श्री इन्द्रपाल करभाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन अध्ययनशाला के (दिनांक 28.02.2019 से 31.08.2019 तक छः माह) असाधारण अवकाश स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **श्री इन्द्रपाल करभाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन अध्ययनशाला के (दिनांक 28.02.2019 से 31.08.2019 तक छः माह) असाधारण अवकाश की स्वीकृति दी गई।**

05. छत्तीसगढ़ कला एवं संस्कृति म्यूजियम (Heritage Museum विरासत संग्रहालय) की स्थापना एवं प्रस्ताव हेतु रु. 5 करोड़ के स्थान पर रु. 10 करोड़ किये जाने के संबंध में विचार करना।

**निर्णय :** **संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के संग्रहालय निर्माण/विस्तार योजना के अंतर्गत पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में Chhattisgarh Heritage Museum की स्थापना हेतु प्रस्ताव रु. 5 करोड़ के स्थान पर रु. 10 करोड़ किया गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में परियोजना संशोधित कर बजट प्रावधानानुसार Chhattisgarh Heritage Museum हेतु रु. 10 करोड़ का प्रस्ताव प्रेषित किया जाना है, इस हेतु विश्वविद्यालय के वचन–पत्र की आवश्यकता है, जिसमें 20 प्रतिशत राशि (2 करोड़ रुपए) विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाना है। तद्नुसार 2019–20 के बजट में इसका प्रावधान किये जाने की अनुशंसा की गई। म्यूजियम निर्माण की अनुमति एवं भविष्य में इसकी देख–रेख की व्यवस्था एवं सुचारु रूप से संचालन की जिम्मेदारी लेने की वचनबद्धता के साथ छत्तीसगढ़ कला एवं संस्कृति म्यूजियम (Heritage Museum विरासत संग्रहालय) की स्थापना एवं प्रस्ताव हेतु रु. 5 करोड़ के स्थान पर रु. 10 करोड़ किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

06. वर्ष 2016 एवं 2017 में नियुक्त शिक्षकों की स्थायीकरण के संबंध में विचार करना।

**निर्णय :** **वर्ष 2016 एवं 2017 में निम्नलिखित नियुक्त शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त किये जाने का अनुमोदन किया गया –**

| क्र. | नाम एवं पदनाम | पदनाम | पदभार ग्रहण तिथि | परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. श्रीमती उमा गोले | प्रोफेसर | 17-02-2017 | 17-02-2019 |
| 2 | डॉ. जितेन्द्र कुमार प्रेमी | एसोसिएट प्रोफसर | 17-02-2017 | 17-02-2019 |
| 3 | डॉ. टिके सिंह | असिस्टेंट प्रोफेसर | 17-02-2017 | 17-02-2019 |
| 4 | डॉ. श्रीमती दिप्ती ठाकुर | असिस्टेंट प्रोफेसर | 30-11-2016 | 30-11-2018 |
| 5 | डॉ. गोविन्द प्रसाद साहू | असिस्टेंट प्रोफेसर | 20-01-2017 | 20-01-2019 |
| 6 | डॉ. शैलेन्द्र कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | 17-02-2017 | 17-02-2019 |
| 7 | श्री चित्रकांत बेलोधिया | असिस्टेंट प्रोफेसर | 23-02-2017 | 23-02-2019 |
| 8 | डॉ. युगल किशोर महिपाल | असिस्टेंट प्रोफेसर | 17-02-2017 | 17-02-2019 |
| 9 | डॉ. लक्ष्मी कांत | असिस्टेंट प्रोफेसर | 17-02-2017 | 17-02-2019 |
| 10 | डॉ. (श्रीमती) भानुश्री गुप्ता | असिस्टेंट प्रोफेसर | 22-02-2017 | 22-02-2019 |

**अध्यक्ष एवं सभी उपस्थित सम्माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक संपन्न हुई।**

25.2.19

**कुलपति**
**अध्यक्ष**

**कुलसचिव**
**सचिव**

**पृ. क्रमांक 8205/अका./का.प/2019** **रायपुर, दिनांक 26/02/2019**

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला/समस्त विभागीय अधिकारी,
4. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
5. वित्त नियंत्रक/प्रभारी, अंकेक्षण,
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका.)**

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक : 1752 / अका. / 2016 रायपुर, दिनांक : 18 / 07 / 2016

## ॥ अधिसूचना ॥

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 13.07.2016 में दीक्षांत समारोह के लिये गाऊन के स्थान पर, वेश भूषा के संबंध में लिये गए निर्णय, अधिसूचित किया जाता है जो निम्नानुसार है:–

<table>
<tr><th>माननीय अतिथि</th><th colspan="2">विशिष्टकरण सहित परिधान</th></tr>
<tr><td colspan="3">मंच पर उपस्थित अतिथिगण (कुलाधिपति, मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री, कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य अतिथिगण)</td></tr>
<tr><td>जैकेट :– कोसा रंग का जैकेट</td><td colspan="2" rowspan="4">विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।</td></tr>
<tr><td>पगड़ी :– गुलाबी रंग</td></tr>
<tr><td>स्टॉल :– (1) नेवी ब्लू (Navy Blue) वेलवेट जिसमें 1 इंच का गोल्डन जरी पट्टा होगा</td></tr>
<tr><td>(2) कुलसचिव – Navy Blue जिसमें 1 इंच का सिल्वर जरी पट्टा होगा</td></tr>
<tr><td>विद्यापरिषद्, कार्यपरिषद् एवं संकायाध्यक्ष</td><td colspan="2">(A) सफेद कुर्ता–पायजामा<br>(B) कोसा रंग की प्लेन (Plain) साड़ी<br>(C) पगड़ी<br>(D) दुपट्टा (Stoll) :– मैरून रंग का वेल्वेट जिसमें 1 इंच का गोल्डन जरी पट्टा</td></tr>
<tr><td rowspan="4">गोल्ड मेडल छात्र–छात्रा एवं पी–एच.डी. हेतु</td><td colspan="2">(A) सफेद कुर्ता–पायजामा<br>(B) कोसा रंग की प्लेन (Plain) साड़ी<br>(C) पगड़ी</td></tr>
<tr><td colspan="2">(D) दुपट्टा (Stoll) :–</td></tr>
<tr><td>(i) गोल्ड मेडल हेतु</td><td>साटन सिल्क – पिले रंग $\frac{1}{2}$ इंच का पट्टा</td></tr>
<tr><td>(ii) पी–एच.डी.</td><td>साटन सिल्क – लाल रंग $\frac{1}{2}$ इंच का पट्टा</td></tr>
</table>

टीप : (a) पगड़ी एवं दुपट्टा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, शेष परिधान स्वयं के द्वारा धारण कर दीक्षांत समारोह स्थल पर उपस्थित होंगे। महिलाओं के लिये पगड़ी ऐच्छिक (Optional) होगा।

(b) समस्त दुपट्टा (Stoll) की लम्बाई 2 मीटर, तथा 1 विश्वविद्यालय के मोनाग्राम बाईं तरफ कंधे से लगभग 6 से 8 इंच निचे होगी, जिससे वह बैठने पर भी दृष्टव्य होगी।

(c) उपरोक्त परिधान 10 अगस्त, 2016 के लिये प्रायोगिक तौर पर धारण किया जावेगा। बाद में प्राप्त सुझावों के अनुरूप समीक्षा कर आगामी दीक्षांत समारोह के लिये मान्य किया जा सकेगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

D:\back\shital\T R Sahu\T R Sahu General letter 22.docx

पृ. क्रमांकः 1753/अका./2016 रायपुर, दिनांकः 18/07/2016

प्रतिलिपि :

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, महानदी भवन, रायपुर।
3. सचिव, वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय, महानदी भवन, रायपुर।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
5. कार्यपरिषद् एवं विद्यापरिषद के समस्त सदस्यों को,
6. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला,
7. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
8. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
9. वित्त नियंत्रक/प्रभारी, अंकेक्षण,
10. समस्त विभागीय अधिकारी,
11. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)

D:\back\shital\T R Sahu\T R Sahu General letter 22.docx-990